---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा— बिहार विधानसभा चुनाव परिणामों ने साबित किया कि जनता अच्छी नीयत वाले राजनीतिक दलों पर ही भरोसा करती है।

02. एनडीए विधायक दल की कल पटना में होने वाली बैठक में विधायक दल के नेता का होगा चयन। बीस नवम्बर को नये मंत्रिमंडल का होगा शपथ।

03. तेजस्वी प्रसाद यादव को सर्वसम्मति से राजद विधायक दल का नेता चुना गया। नेता प्रतिपक्ष के पद के लिए करेंगे दावा।

04. और, केन्द्र सरकार ने बिहार की दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं— खगड़िया—पूर्णिया और मुजफ्फरपुर—सीतामढ़ी—सोनबरसा को वित्तीय मंजूरी दी।

————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि बिहार विधानसभा चुनाव परिणामों ने साबित किया है कि अब लोगों की सरकार से आकांक्षाएं बढ़ गयी हैं। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुये श्री मोदी ने कहा कि जनता अच्छी नीयत वाले राजनीतिक दलों पर ही भरोसा करती है।

———बाईट———

श्री मोदी ने कहा कि इन नतीजों ने यह भी साबित कर दिया है कि जो सरकार लोगों की आकांक्षाओं पर खड़ा नहीं उतरेगी, उसे नकार दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सरकारों की एक ही प्राथमिकता होनी चाहिए और वो है—विकास।

———बाईट———

————————————————————————————

भारतीय जनता पार्टी और जनता दल यूनाइटेड के विधानमण्डल दल की कल पटना में बैठक होगी, जिसमें दोनों दलों के विधायक दल के नेता का चयन किया जायेगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बताया कि बैठक में पार्टी के सभी नवनिर्वाचित विधायक शामिल होंगे।

———बाईट———

इधर, हमारे संवाददाता ने बताया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन—एन.डी.ए.के नव—निर्वाचित विधायकों की भी कल पटना में बैठक होगी, जिसमें एन.डी.ए. विधायक दल का नेता चुना जाएगा।

———बाईट———

———————————————————————————

इससे पहले कल राज्य सरकार ने मौजूदा विधानसभा को उन्नीस नवम्बर के प्रभाव से भंग करने की सिफारिश की थी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय का निर्णय लिया गया। संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बताया कि मंत्रिमंडल की अंतिम बैठक में तीन प्रस्ताव पारित किए गए।

———बाइट———

मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां से मुलाकात कर मंत्रिमंडल की अनुशंसा का पत्र सौंपा। नए मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह बृहस्पतिवार को पटना के गांधी मैदान में होगा। एनडीए के घटक दल हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित एनडीए के कई वरिष्ठ नेताओं और मंत्रियों के शामिल होने की सम्भावना है। उन्होंने बताया कि एनडीए के घटक दल के कई सदस्यों को मंत्री पद की शपथ दिलाई जायेगी।

———बाईट———

———————————————————————————

नई सरकार के स्वरूप को लेकर आज नई दिल्ली में भाजपा और जदयू के वरिष्ठ नेताओं के बीच बैठक होगी। कल देर शाम जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा और पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा केन्द्रीय मंत्री ललन सिंह दिल्ली रवाना हुये। इन दोनों नेताओं का भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ मुलाकात का कार्यक्रम है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक में नये सरकार के स्वरूप को लेकर मुख्य रूप से चर्चा होगी। साथ ही मुख्यमंत्री के साथ कितने मंत्री शपथ लेंगे इस बात को लेकर भी विचार–विमर्श किया जायेगा। जदयू नेताओं का भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और पार्टी के बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान के साथ भी मुलाकात का कार्यक्रम है।

———————————————————————————

बीस नवंबर को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह को देखते हुए पटना के गांधी मैदान में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कल मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत और पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने तैयारियों की समीक्षा की। जिलाधिकारी डॉक्टर त्यागराजन एसएम ने बताया कि विधि–व्यवस्था बनाये रखने के लिए बड़ी संख्या में पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्ति की है। आज से एसपीजी के हाथ में गांधी मैदान की

सुरक्षा की कमान होगी। उन्होंने बताया कि बीस नवम्बर तक गांधी मैदान को आम लोगों के लिए बंद कर दिया गया है। साथ ही जिला, अनुमंडल और प्रखंड–स्तरीय सभी पदाधिकारियों, तकनीकी पदाधिकारियों तथा पर्यवेक्षक स्तर के पदाधिकारियों के अवकाश पर बीस नवम्बर तक रोक लगा दी गयी है।

———————————————————————

राष्ट्रीय जनता दल के नवनिर्वाचित विधायकों की कल पटना में बैठक हुई, जिसमें तेजस्वी प्रसाद यादव को विधायक दल का नेता चुना गया। पार्टी अध्यक्ष लालू प्रसाद की उपस्थिति में पटना में आयोजित बैठक में इस संबंध में प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक के बाद पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने बताया कि बैठक में विधानसभा चुनाव में पार्टी की करारी हार के कारणों की भी समीक्षा की गई। साथ ही भविष्य में संगठन को मजबूत बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई।

———बाइट———

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने बिहार की दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को वित्तीय मंजूरी दे दी है। इन परियोजनाओं में खगड़िया–पूर्णिया और मुजफ्फरपुर–सीतामढ़ी–सोनबरसा एनएच शामिल हैं। इन दोनों सड़कों की लम्बाई दौ सौ तैंतीस किलोमीटर है और इसपर लगभग छह हजार करोड़ रूपये खर्च होंगे। वित्तीय मंजूरी के बाद अब इन दोनों परियोजनाओं को अंतिम मंजूरी के लिए केन्द्रीय कैबिनेट के समक्ष लाया जायेगा।

———————————————————————

राज्य सरकार ने उत्तर कोयल जलाशय परियोजना के लिए भू–अर्जन की प्रक्रिया पन्द्रह दिसम्बर तक पूरी करने का अधिकारियों को आदेश दिया है। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने समीक्षा बैठक के दौरान इस संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

———————————————————————

बिहार शिक्षा परियोजना परिषद ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के रसोईयों का मानदेय छह हजार रूपये से बढ़ा कर नौ हजार रूपये करने की सहमति दे दी है। परिषद की कार्यकारिणी की बैठक में लेखा सहायक समेत विभिन्न कर्मियों के मानदेय में भी बढ़ोतरी के प्रस्ताव पर सहमति दी गयी।

———————————————————————

बेगूसराय के सिमरिया धाम का प्रसिद्ध कल्पवास मेला कल समाप्त हो गया। बयालीस दिनों तक चले इस मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुये।

———————————————————————

दिल्ली में लाल किले के पास हुये बम विस्फोट की घटना में घायल सीतामढ़ी निवासी विनय पाठक की इलाज के दौरान मौत हो गयी। वे बम विस्फोट की घटना में गम्भीर रूप से घायल हो गये थे और आईसीयू में इलाजरत थे।

———————————————————————

समस्तीपुर जिले के रोसड़ा थाना क्षेत्र अन्तर्गत बालापर गांव मोड़ के पास ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार तीन युवकों की मौत हो गयी।

———————————————————————

पटना के नासरीगंज स्थित एक बैंक की एटीएम तोड़कर अपराधियों ने साढे चौदह लाख रूपये चुरा लिये। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

———————————————————————

मुजफ्फरपुर जंक्शन के प्लेटफॉर्म नम्बर तीन पर खड़ी एक ट्रेन से आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने तेरह किशोरों को मानव तस्करों से मुक्त कराया है। मौके से चार तस्करों की गिरफ्तारी हुई है।

———————————————————————

अररिया जिले के ईटहरा उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक शमशूल होदा को छात्राओं के साथ अश्लील हरकत करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है।

———————————————————————

पटना के मोईनुलहक स्टेडियम में खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी प्लेट ग्रुप के एक मुकाबले में बिहार ने मिजोरम के खिलाफ पहली पारी में एक विकेट पर दो सौ चालीस रन बना लिये हैं। इससे पहले मिजोरम ने पहली पारी में पांच सौ नौ रन बनाये थे। बिहार की ओर से महरूर एक सौ एक और आयुष एक सौ सत्रह रन बनाकर क्रीज पर हैं।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने राज्य में नई सरकार के गठन को लेकर जारी हलचल की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– सत्रहवीं विधानसभा बुधवार को भंग होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई मंत्रि परिषद की अंतिम बैठक। दैनिक जागरण ने लिखा है– कल भंग होगी विधानसभा, शपथ बीस को, नीतीश ने राज्यपाल को सौंपा पत्र। दैनिक भास्कर लिखता है– तेजस्वी राजद विधायक दल के नेता। नेता प्रतिपक्ष का दावा करेंगे। प्रभात खबर की सुर्खी है– बांग्लादेश की अपदस्थ पीएम शेख हसीना को मौत की सजा। राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं– मक्का से मदीना जा रहे पैंतालीस

भारतीय जिंदा जले। आज अखबार लिखता है– चुनाव बाद नीतीश सरकार एक्टिव, एक हजार तीन सौ सड़सठ करोड़ रूपये की योजनाओं को अगले अट्ठाईस दिनों में पूरा करने का आदेश।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– बिहार विधानसभा चुनाव परिणामों ने साबित किया कि जनता अच्छी नीयत वाले राजनीतिक दलों पर ही भरोसा करती है।

02. एनडीए विधायक दल की कल पटना में होने वाली बैठक में विधायक दल के नेता का होगा चयन। बीस नवम्बर को नये मंत्रिमंडल का होगा शपथ।

03. तेजस्वी प्रसाद यादव को सर्वसम्मति से राजद विधायक दल का नेता चुना गया। नेता प्रतिपक्ष के पद के लिए करेंगे दावा।

04. और, केन्द्र सरकार ने बिहार की दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं– खगड़िया–पूर्णिया और मुजफ्फरपुर–सीतामढ़ी–सोनबरसा को वित्तीय मंजूरी दी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।